## महत्वपूर्ण एवं खास

### 9 अप्रैल को होने वाले आमफल बहार की नीलामी अपरिहार्य कारणों से स्थगित

#### अब 12 अप्रैल को होगी नीलामी

**रायगढ़।** 9 अप्रैल 2025 को शासकीय उद्यान रोपणी बोईरदादर रायगढ़ में आम फल बहार की नीलामी किया जाना था। जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। शासकीय उद्यान रोपणी बोईरदादर, रायगढ़ के उद्यान अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त नीलामी अब 12 अप्रैल शनिवार को किया जाएगा।

### 9 अप्रैल को होने वाला जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिले के नागरिकों के समस्याओं, मांग, शिकायत के निवारण के लिए जिला प्रशासन सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा 9 अप्रैल को बरमकेला ब्लॉक के ग्राम पंचायत डभरा (भंवरपुर) में आयोजित होने वाला जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन स्थगित किया गया है। आगामी शिविर के संबंध में पुनः सूचना दी जाएगी।

### फेल हुए जमा बिल को 10 अप्रैल तक फिर से जमा करना होगा

#### वित्तीय वर्ष 2024-25 के बिल भुगतान का अंतिम अवसर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में डीडीओ के द्वारा प्रस्तुत बिल बैंक खाता बंद या अन्य कारण से फेल हुए हैं। इन बिलों को पुनः 10 अप्रैल 2025 तक जमा करना होगा। बिल भुगतान का यह अंतिम अवसर है। 10 अप्रैल के बाद इन देयकों का भुगतान नहीं हो पाएगा।

### 6 साल की मासूम की हत्या पर छत्तीसगढ़ में सियासी बवाल, कांग्रेस ने जांच समिति का किया गठन

**दुर्ग (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में 6 साल की मासूम के साथ अनाचार के बाद हत्या किए जाने की घटना ने प्रदेश भर में आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। इस वीभत्स कृत्य के बाद लोगों में गहरी निंदा और आरोपी के लिए सख्त सजा की मांग हो रही है। घटना ने न केवल प्रदेश के लोगों को शोकाकुल किया, बल्कि देशभर में इस अपराध के खिलाफ भारी विरोध देखने को मिला। कांग्रेस ने खोला मोर्चा, गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग इस मामले को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी आज राज्य स्तर पर प्रदर्शन करेगी और गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग कर रही है। कांग्रेस ने कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए हैं और घटना की निष्पक्ष जांच की आवश्यकता जताई है। जांच समिति का गठन कांग्रेस ने इस मामले की खुद जांच करने का फैसला लिया है और इसके लिए एक पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस जांच समिति की अध्यक्षता विधायक संगीता सिन्हा को सौंपा गया है। समिति में विधायक हर्षिता बघेल, यशोदा वर्मा, पूर्व विधायक छन्नी साहू और राजनांदगांव की पूर्व महापौर हेमा देशमुख को भी शामिल किया गया है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम लखौली ओव्हरब्रीज के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक घायल है, जिसका अस्पताल में उपचार जारी है। मामले में आरंग पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक गेंदराम साहू 22 वर्ष ग्राम समोदा का रहने वाला था। बताया जाता है कि गेंदराम अपने दोस्त के साथ बाइक से रायपुर जा रहा था, तभी ग्राम लखौली ओव्हरब्रीज के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीएम 9588 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे गेंदराम की मौत हो गई।

# सुशासन तिहार-2025 की हुई शुरूआत, पहले चरण में 11 अप्रैल तक लिए जाएंगे आवेदन

- जनसामान्य ने समाधान पेटी में अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन डाले, कहा शासन की यह एक अच्छी पहल
- ग्राम पंचायतों और नगरीय निकाय कार्यालयों में प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक समाधान पेटी में जमा किए जा सकेंगे आवेदन
- पोर्टल https://sushasantihar.cg.nic.in/ पर जाकर अथवा क्यू आर कोड स्कैन कर ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन
- आवेदन करने के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों विकल्प है उपलब्ध
- सुशासन तिहार-2025, पारदर्शिता, संवाद और समाधान की नई पहल

**रायगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर आज से 'सुशासन तिहार-2025Ó की शुरूआत हो गई है। यह कार्यक्रम जन समस्याओं के जल्द समाधान और शासकीय योजनाओं का लाभ जनता को मिले। इसलिए जिले के सभी निकायों और पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है। पहले चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 05 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले में आम जनता से आवेदन प्राप्त करने हेतु



विभिन्न स्तर पर व्यवस्थाएं की गई हैं। आवेदन करने के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों विकल्प उपलब्ध हैं। ऑफलाइन तरीके से 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इन स्थलों पर समाधान पेटी रखी गई है, ताकि लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें लिखकर उसमें डाल सकें। ऑनलाइन आवेदन https://sushasantihar.cg.nic.in/ पोर्टल पर जाकर किया जा सकेगा। सीएससी/चॉइस सेंटर और लोक सेवा केंद्रों से भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

**नगर निगम में संतरा बाई ने किया आवेदन-** सुशासन तिहार के प्रथम दिन आज वार्ड क्रमांक 42 की संतरा बाई ने पीएम आवास के लिए अपना आवेदन समाधान पेटी में डाली। उन्होंने बताया कि वे अपने नाती के साथ अन्य काम की वजह से नगर निगम आयी थी। तो पता चला कि यहां सुशासन तिहार का आयोजन हो रहा है। इस अवसर का लाभ लेते हुए उन्होंने पीएम आवास निर्माण के लिए आवेदन किया। इसी तरह अन्य लोग भी यहां अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समाधान पेटी में डाले। ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय कार्यालयों में भी जनसामान्य ने अपनी समस्याएं और शिकायतें लिखकर समाधान पेटी में डाला।

**द्वितीय चरण में होगा आवेदनों का निराकरण-** द्वितीय चरण में 09 अप्रैल से 04 मई तक आवेदनों को निराकृत किया जाएगा। सभी प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा और संबंधित जिला/जनपद/नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजा जाएगा। संबंधित विभाग/अधिकारी लगभग एक माह में इन आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करेंगे। मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया जाएगा। इन आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता का विश्लेषण जिला और राज्य स्तर पर किया जाएगा।

**05 से 31 मई तक होगा समाधान शिविरों का आयोजन-** 05 मई से 31 मई 2025 के दौरान प्रत्येक 08 से 15 पंचायतों के मध्य समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। नगरीय निकायों में भी आवश्यकतानुसार समाधान शिविर आयोजित होंगे। शिविरों में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन पत्र/प्रपत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। समाधान शिविरों में विकासखंड एवं अनुभाग स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जिला स्तर से भी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसी तरह की व्यवस्था नगरीय निकायों के शिविरों में भी की जाएगी।

## बाइक चोरी और लूटपाट मामले में नाबालिग सहित 5 गिरफ्तार

**बिलासपुर । आरएनएस**

थाना सरकंडा क्षेत्र में लूटपाट और मोटर सायकल चोरी की वारदातों में शामिल फरार आरोपियों पर पुलिस का बड़ा प्रहार किया गया। पुलिस ने दो लूटपाट की घटनाओं और मोटर सायकल चोरी में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनसे 3 चोरी की मोटर सायकल बरामद की गईं, जिनकी कीमत लगभग 10,000 रुपये बताई जा रही है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी श्रीकुमार मरावी ने 02 अप्रैल 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 22 फरवरी 2025 की रात वह अपनी एक्टिवा स्कूटी लेकर बिलासपुर शहर घूमने गया था। रामसेतू पुल के पास अपनी स्कूटी खड़ी कर वह फ्रेश होने के लिए पुल के नीचे गया, लेकिन जब वापस लौटा तो पाया कि 2-3 लडक़े मोबाईल मांगने के बहाने उसके पास आए थे और उसी दौरान वह लडक़े मोबाईल छीनकर भाग गए। इसके बाद, आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए उसकी स्कूटी की चाबी छीनकर स्कूटी भी ले भागे। इस पर प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई और पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इसी तरह, एक और रिपोर्ट आशीष यादव ने दर्ज कराई थी कि 01 फरवरी 2025 को रात 10 बजे उसने अपनी मोटर सायकल सीबी साइन को गेट के बाहर लाक कर खड़ा किया था, लेकिन 02 फरवरी 2025 की सुबह उसे वह सायकल गायब मिली। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में भी अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की थी।

इन मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करते हुए पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। पुलिस टीम ने संदेहियों की धरपकड़ के लिए जाल बिछाया और तीन आरोपियों को पकडऩे में सफलता प्राप्त की, जिनसे लूटी गई मोबाईल, स्कूटी और सोने का लॉकेट बरामद हुआ। इसके अलावा, अन्य फरार आरोपी प्रिंस राज उर्फ जानू और डूमर रंधारी की भी तलाश जारी थी। 7 अप्रैल 2025 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति राजकिशोर नगर में मोटर सायकल चोरी करने के प्रयास में घूम रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रेड डाली और आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसने अपने साथी डूमर रंधारी के साथ मिलकर सरकण्डा और थाना सीपत क्षेत्र में मोटर सायकल चोरी की बात कबूली। आरोपी से तीन चोरी की मोटर सायकल बरामद की गई।

गिरफ्तार आरोपियों में प्रिंस राज उर्फ जानू 29 वर्ष निवासी तिफरा और डूमर रंधारी 45 वर्ष निवासी घाटपुरा थाना कोसामुंडा है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, और उनके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में कुल 5 आरोपी शामिल थे, जिनमें से 2 आरोपी नाबालिग थे। पुलिस की तत्परता और कार्रवाई से क्षेत्र में लूटपाट और चोरी की घटनाओं पर काबू पाया गया है।

## इंदिरानगर मारपीट मामले का आरोपी गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस ने मारपीट और आर्म्स एक्ट की धाराओं में भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**

इंदिरानगर में हुए विवाद में युवक पर धारदार हथियार से हमला करने वाले आरोपी सुमित माली उर्फ पाजी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रकरण में पीड़ित अमित सिंह राजपूत (27) ने 7 जून को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें उसने बताया कि घटना 6 अप्रैल को इंदिरानगर चौक में हुई थी।





पीड़ित ने बताया कि उसके बड़े पिताजी का लड़का जगन्नाथ सिंह राजपूत शोभायात्रा में मौजूद था और डी.जे. बजाने की बात कह रहा था, तभी वहां मौजूद सुमित माली उर्फ पाजी ने उसे "बहुत होशियार बन रहा है" कहते हुए मां-बहन की अश्लील गालियां दीं। मना करने पर सुमित ने जान से मारने की धमकी दी और हाथ में रखे धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे जगन्नाथ के बाएं हाथ की कलाई पर गंभीर चोट आई, बीच बचाव में इसे भी चोट आई है। मामले में थाना कोतवाली पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(2), 118(1) (2) बीएनएस के तहत अपराध क्रमांक 144/2025 पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।

वारदात के बाद आरोपी फरार था, जिसकी लगातार तलाश की जा रही थी। 8 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इंदिरानगर स्थित उसके घर में दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में सुमित माली ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त तलवार भी बरामद की गई। साक्ष्य के आधार पर आम्र्स एक्ट की धारा 25, 27 भी प्रकरण में जोड़ी गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर भेज दिया गया है। पूरे मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल, महिला प्रधान आरक्षक बसंती खुंटे एवं उनकी टीम की सक्रिय भूमिका रही।

## मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे जनसामान्य

- कलेक्टर गोयल ने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

**रायगढ़**

जनसमस्याओं के निराकरण की दिशा में जिला प्रशासन रायगढ़ की एक सकारात्मक पहल साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन आज कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में हुआ। जनदर्शन में जिले के जनसामान्य अपनी समस्याएं लेकर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के समक्ष पहुंचे। कलेक्टर गोयल ने आवेदन लेकर मिलने पहुंचे प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर रवि राही, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



जनदर्शन में प्रगति नगर रायगढ़ की सुनीता चौहान अपनी भतीजी हीना चौहान की पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने कहा कि हीना के पिता का निधन हो गया है एवं माता कही और चली गई है जिसकी वजह से हीना का लालन-पोषण मेरे द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्ची के अच्छे भविष्य को देखते हुए पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने हेतु आग्रह किया। सार्वजनिक प्रचलित मार्ग पर अवैध कब्जा करते हुए बाउंड्रीवाल करके मार्ग को अवरूद्ध किए जाने संबंधी शिकायत आवेदन लेकर दौलत राम जनदर्शन में आए थे। उन्होंने बताया कि कौहाकुण्डा वार्ड 25 में सार्वजनिक वर्षो पुराने मार्ग को स्थानीय निवासी दुरूपति यादव द्वारा पक्का कई फूट ऊची बाउण्ड्रीवाल कर गेट बनाकर उक्त मार्ग को अवैध कब्जा कर लिया गया है। जिसके कारण आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। साथ ही भविष्य में यहां वर्षा ऋतु के जल निकासी एवं लोगों का तालाब तक जाने के मार्ग में भी समस्या उत्पन्न होगी। ग्राम-मिड़मिड़ा एवं बिंजकोट की महिलाएं अवैध शराब बंद कराए जाने के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि बिंजकोट एवं मिड़मिड़ा में अवैध शराब बेचने व बनाने का कारोबार बेखौफ रूप से चल रहा है। जिसकी वजह से यहां के रहवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही लोग शराब पीकर बीमार पड़ रहे है। वहीं आए दिन महिलाओं के साथ मारपीट, गाली-गलौज की स्थिति निर्मित हो रही है। उन्होंने कलेक्टर गोयल से यहां अतिशीघ्र अवैध शराब निर्माण के कार्य को बंद कराने का आग्रह किया। पुरानी बस्ती खरसिया के के गजानंद कुमार दर्शन ग्राम-चोढ़ा गांव से छाल रोड को शीघ्र बनवाए जाने के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने कहा कि यहां की रोड खराब होने की वजह से रोज धूल उड़ रहा है और ग्रामीणों को आने-जाने में बहुत परेशानी हो रही है। इसी तरह अन्य लोग भी राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, हटाने, आवास निर्माण, दिव्यांग सहायता राशि सहित अन्य आवेदन लेकर पहुंचे थे।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट एवं फोर्टिफाईड आटा निर्माण व आपूर्ति के लिए 21 अप्रैल तक मंगाए गए आवेदन

- महिला स्व-सहायता समूह महिला बाल विकास विभाग में कर सकते है आवेदन

**रायगढ़**

जिले के बाल विकास परियोजना/परियोजनाओं के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट एवं फोर्टिफाईड आटा का निर्माण एवं आपूर्ति करने के लिए फर्म एवं सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत् पंजीकृत सक्षम महिला स्व-सहायता समूहों से आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक महिला स्व-सहायता समूह अपना आवेदन 21 अप्रैल 2025 तक कार्यालयीन समय में डाक/कोरियर के माध्यम से कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ में भेज सकते है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास एल.आर. कच्छप ने बताया कि इच्छुक महिला स्व-सहायता समूह इससे संबंधित शर्ते व विस्तृत विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास/बाल विकास परियोजना समस्त जिला रायगढ़ के कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है अथवा रायगढ़ जिले की वेबसाईड में https://raigarh.gov.in अवलोकन कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

# सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की तत्काल करें एन्ट्री- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

- अप्रेंटिसशीप योजना के तहत जिले के उद्योगों एवं संस्थानों का पोर्टल में अधिक से अधिक पंजीयन के दिए निर्देश
- औद्योगिक क्षेत्रों में कामगारों के लिए स्वास्थ्य कैम्प लगाने के दिए गए निर्देश
- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने ली समय-सीमा की बैठक

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने आज 8 अप्रैल से प्रारंभ हो रहे सुशासन तिहार-2025 के प्रथम चरण के तहत जन सामान्य से आवेदन लेने की प्रक्रिया की तैयारियों की विकासखंडवार जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण एवं नगरीय निकाय में समाधान पेटी लगाने के साथ ही नोडल अधिकारी नियुक्त कर दी गई है। कलेक्टर गोयल ने कहा कि आज प्राप्त सभी आवेदनों का विभागवार मार्किंग कर एंट्री करने के साथ ही आवेदनों का प्राथमिकता के गुणवत्ता पूर्ण निराकरण सुनिश्चित करेंगे।



कलेक्टर गोयल ने जिला रोजगार अधिकारी को अप्रेंटिसशीप योजना के तहत जिले के उद्योगों एवं संस्थानों का दायरा बढ़ाते हुए पोर्टल में अधिक से अधिक पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि युवाओं का इसका लाभ मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने हायर एजुकेशन लोन के संबंध में जानकारी लेते हुए इसके वितरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसी तरह डाक विभाग के लिए पोस्टल अप्रेंटिस की प्रगति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर गोयल ने लीड कॉलेज को निर्देशित किया कि जिले के अन्य कॉलेजों को इसकी जानकारी प्रदान करते हुए अधिक से आवेदन करना सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जल जीवन मिशन के स्थानीय संचालन हेतु घरघोड़ा आईटीआई एवं लाईवलीहुड कालेज रायगढ़ में वाटर डिस्ट्रीब्यूटर ऑपरेटर का ट्रेनिंग प्रारंभ किया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार के साथ जल जीवन मिशन का बेहतर तरीके से संचालन हो सके।

इस दौरान उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में कामगारों के लिए स्वास्थ्य कैम्प लगाने के निर्देश जिला आयुर्वेदिक अधिकारी को दिए, ताकि उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर योग एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरुकता लाया जा सके। उन्होंने पर्यावरण एवं माइनिंग विभाग के द्वारा की गई साप्ताहिक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने उद्योगों में हुए दुर्घटनाओं के मद्देनजर औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि उद्योगों में आवश्यक सुरक्षात्मक इंतजाम सुनिश्चित करने हेतु नियमित रूप से उद्योगों का निरीक्षण करें। कलेक्टर गोयल ने जिला सांख्यिकी अधिकारी को आय, जाति, निवास, मृत्यु जैसे दस्तावेज के सैचुरेशन के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उप आयुक्त सहकारिता को समिति के दायरे बढ़ाने के संबंध में प्रगति की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने ई-ऑफिस क्रियान्वयन की तैयारियों की जानकारी भी ली। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को हितग्राहियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने बंद पड़े नलकूप की जानकारी लेते हुए इन्हें वाटर कंजर्वेशन के रूप में डेवलप करने तथा रैन वाटर हार्वेस्टिंग के बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग से अपार आईडी बनाने में आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर डीएफओ स्टायलो मण्डावी, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर रवि राही, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय, संयुक्त कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**जल जीवन मिशन के टंकी निर्माण में लाए प्रगति, लापरवाही बरतने वालों पर करें कार्रवाई**

कलेक्टर गोयल ने जिले में निर्माणाधीन उच्च स्तरीय जलागार निर्माण की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, उन्होंने कार्य बंद वाले स्थानों में अतिशीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिन स्थानों में सोर्स खनन के कार्य शेष है उसे तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईई पीएचई को निर्देशित किया कि टंकी निर्माण में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने पेयजल समस्याग्रस्त क्षेत्रों के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों से कार्ययोजना की जानकारी ली।

**दिव्यांगजन का शत-प्रतिशत बने यूडीआई डी कार्ड**

कलेक्टर गोयल ने समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित दिव्यांगजन आकलन शिविर की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शिविर में जितने भी दिव्यांगजन पहुंच रहे है सभी का यूडीआईडी कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने पेंशन एवं आधार सीडिंग के कार्य की अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने आयुष्मान एवं वय वंदन की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रगति बेहतर है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480